भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-314
उत्तर देने की तारीख-10/08/2026

तिरुपति में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना

†*314. **श्री मड्डीला गुरूमूर्ति**:
क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने आन्ध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) की स्थापना के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है;
(ख) यदि हां, तो भूमि की पहचान और उसके अर्जन, अवसंरचना के अनुमोदन, धनराशि की स्वीकृति और निर्माण कार्य शुरू किए जाने की स्थिति सहित इस संबंध में कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) इस संबंध में सैद्धांतिक अनुमोदन के बावजूद जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना में यदि कोई विलंब हुआ है, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) सरकार द्वारा तिरुपति जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय की शीघ्र स्थापना के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं और इस परियोजना को पूरा करने और शैक्षणिक कार्यकलापों को शुरू करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

“तिरुपति में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना” के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री मड्डीला गुरूमूर्ति द्वारा दिनांक 10.08.2026 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 314 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (घ): नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय खोलने की परिकल्पना की गई है। नए नवोदय विद्यालय खोलना एक सतत् प्रक्रिया है जो स्थायी भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराने और स्थायी भवन का निर्माण होने तक विद्यालय चलाने के लिए किराये रहित अपेक्षित अस्थायी भवन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की इच्छा पर निर्भर करती है। नए नवोदय विद्यालयों की स्वीकृति और उन्हें खोलना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करता है। नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) से प्राप्त सूचना के अनुसार, आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में नवोदय विद्यालय को स्वीकृति नहीं दी गई है। वर्तमान में, आंध्र प्रदेश के 13 जिलों को नवोदय विद्यालय योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। इसके अलावा, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संकेंद्रित क्षेत्रों के आधार पर प्रकाशम (अब मरकापुरम) और पूर्वी गोदावरी (अब पोलावरम) में स्वीकृत दो अतिरिक्त नवोदय विद्यालय भी कार्यरत हैं। इस प्रकार, राज्य में कुल 15 नवोदय विद्यालय कार्यरत हैं।

*****